५३वे संभागीय खेल प्रतियोगिता मे केन्द्रिय विद्यालय क्रमांक ३ के बच्चों ने ६ स्वर्ण, २ कांश्य और १ रजत पदक जीता । ७ बच्चे का के० वि ० स० राष्ट्रीय खेलों के लिए चयन हुआ ।

मुक्केबाजी में केवी चकेरी के खिलाड़ियों ने मारी बाजी

फर्रुखाबाद। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आरआरसी फतेहगढ़ में हुई दो दिवसीय 53वीं केंद्रीय विद्यालय संगठन संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता 2024 का शुक्रवार को समापन हो गया।

मुक्केबाजी के अंडर-17 आयु वर्ग के 42-46 भार वर्ग में केवी क्रमांक-तीन चकेरी कानपुर के आदित्य दिवाकर, 42-48 भार वर्ग में यहीं के शौर्य यादव ने प्रथम स्थान पाया। प्रधानाचार्य वी. अरोरा ने विजेताओं को पदक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। संचालन संगीता अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर राजकुमार सिंह, दुष्यंत सिंह, मोहम्मद खालिद व बीरम पाल सिंह मौजूद रहे। (संवाद)